भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1188

13 फरवरी, 2023 को उत्तर के लिए

हृदय के अंतर्गत बढ़ाई गयी सहायता

1188. श्री एस. निरंजन रेडडी:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2015 से अब तक अमरावती, आंध्र प्रदेश शहर में राष्ट्रीय विरासत शहर विकास और विस्तार योजना (हृदय) के अंतर्गत किए गए कार्यों का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की इस योजना के अंतर्गत वर्तमान में शामिल 12 शहरों की संख्या को बढ़ाकर और शहरों को इस योजना के अंतर्गत शामिल करने की योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या इस योजना में निजी वित्त पोषण का प्रावधान है, और यदि हां, तो इन ऐतिहासिक शहरों/स्मारकों की सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए अब तक कितनी निजी निधियां जुटाई गई हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री कौशल किशोर)

(क): मिशन अवधि के दौरान अमरावती, आंध्र प्रदेश में हृदय योजना के तहत निम्नलिखित निर्माण कार्य किए गए:

(i). विरासत स्थलों तक जाने वाली सड़कों का उन्नयन

(ii). विरासत मार्ग का विकास

(iii). अमरावती तालाब (नुनेगुंडम चेरुवु) का विकास

(ख): हृदय योजना की मिशन अवधि 31 मार्च, 2019 को समाप्त हो गई और इसलिए कोई नया प्रस्ताव स्वीकृत नहीं किया जा सकता है।

(ग): जी नहीं। विरासत शहर विकास और संवर्धन योजना (हृदय) एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।

*****